कार्यालय पुलिस उपायुक्त गोमती ज़ोन, कमिश्नेरट वाराणसी

प्रेस नोट

_*दिनांक-31.01.2025*_

विषयः-थाना फूलपुर पुलिस ने थाना सारनाथ में पंजीकृत मुकदमों से जुड़े जिला बदर अभियुक्त जयप्रकाश देववंशी को किया गिरफ्तार।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम, गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस उपायुक्त गोमती ज़ोन व अपर पुलिस उपायुक्त गोमती ज़ोन के पर्यवेक्षण में तथा सहायक पुलिस आयुक्त पिण्डरा के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 31/01/ 2025 को थाना फूलपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मंगारी के पास से थाना सारनाथ में पंजीकृत मुकदमों से जुड़े जिला बदर अभियुक्त **जयप्रकाश देववंशी** पुत्र लालजी देववंशी, निवासी- ग्राम पंचकोशी पैगम्बरपुर, थाना सारनाथ, वाराणसी, उम्र 32 वर्ष को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है

घटना का विवरण- दिनांक 22/01/2025 को मा.न्या. अपर पुलिस आयुक्त महोदय वाराणसी द्वारा जयप्रकाश देववंशी को 06 माह के लिए जिला बदर घोषित किया गया था। इसके बाद भी, अभियुक्त जानबूझकर माननीय न्यायालय के आदेश का उल्लंघन करते हुए जनपद वाराणसी की सीमा में रह रहे थे। उनके इस गैर कानूनी आचरण को दृष्टिगत रखते हुए, थाना फूलपुर पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया गया।

_पंजीकृत अभियोग-_ मु0अ0सं0- 30/2025 धारा 10 उ0प्र0 गुण्डा अधि थाना फूलपुर , गोमती जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

1. जयप्रकाश देववंशी पुत्र लालजी देववंशी, नि. ग्राम पंचकोशी पैगम्बरपुर, सारनाथ वाराणसी उम्र 32 वर्ष।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-

1. उ0नि0 रोहित कुमार, थाना फूलपुर, कमि0 वाराणसी।
2. उ0नि0 राम सिंह यादव, थाना फूलपुर, कमि0वाराणसी।

3. उ0नि0 सूरज कुमार चौरसिया, थाना फूलपुर, कमि0 वाराणसी ।
4. का0 राजेश कुमार, थाना फूलपुर, कमि0 वाराणसी ।
5. का0 पुष्पेन्द्र सिंह यादव, थाना फूलपुर, कमि0 वाराणसी ।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त, गोमती ज़ोन
कमिश्नरेट वाराणसी ।